दैनिक जागरण
जम्मू, 6 अगस्त, 2021
www.jagran.com

बाल कहानियां सुनाकर श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

जागरण संवाददाता, जम्मू : साहित्य अकादमी नई दिल्ली की ओर से वेब लाइन श्रृंखला के तहत डोगरी में बाल साहित्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें डोगरी भाषा के प्रसिद्ध बाल साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की शुरुआत साहित्य अकादमी नई दिल्ली के उप सचिव डा. सुरेश बाबू ने की। उन्होंने सभी साहित्यकारों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले बाल साहित्यकारों में डोगरी भाषा के साहित्य अकादमी की ओर से पुरस्कृत शिवदेव सिंह सुशील, डा. शीतल शर्मा तथा डा. मनोज हीर ने अपनी बाल कहानियां पढ़ी। वहीं पीपल परिहार, ओम प्रकाश तथा कीमत राज ने अपनी बाल कविताओं से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। अंत में डा. सुरेश बाबू ने सभी डोगरी साहित्यकारों का शुक्रिया अदा किया।